all this quantity is likely to be exported before the close of the year.

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों को भूमि वितरण तथा अन्य कृषि सुविधाओं के लिए नियम

3037. **श्री लाल जी भाई** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों को भूमि वितरण तथा कृषि सुविधायें देने के बारे में क्या नियम है; और

(ख) गत तीन वर्षों में भूमि वितरण और उन्हें दी गई अन्य सुविधाओं की तुलनात्मक स्थित क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (अण्णासाहिब पी. शिन्दे) : (क) तथा (ख). जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

सिंचाई के अधीन तथा वर्षा पर आश्रित भूमि का क्षेत्र

3038. **श्री लालजी भाई** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने एकड़ भूमि पर कृषि होती है, तथा कितने एकड़ भूमि बंजर है और कितने एकड़ भूमि वर्षा पर आश्रित है;

(ख) अगले पांच वर्षों में वर्षवार कितने एकड़ अतिरिक्त भूमि पर खेती किये जाने की सम्भावना है; और

(ग) इससे सम्बन्धित योजना की मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं ?

कृषि मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री शेर सिंह) : (क) वर्ष 1967-68 (अस्थायी) के भूमि उपयोग के आंकड़ों के अनुसार अनुमानतः उपलब्ध सिंचाईगत क्षेत्र तथा बंजर भूमि और वर्षा पर आश्रित भूमि क्षेत्र निम्न प्रकार है :—

		(क्षेत्र लाख हैक्टर में।
1.	बोया गया निवल क्षेत्र	1397.00
2.	बंजर तथा अकृष्ट भूमि	325.00
3.	वर्षा पर आश्रित भूमि	1121.80

(ख) और (ग). भारत के संविधान के अन्तर्गत भूमि राज्य का विषय होने के कारण खेती आदि के सहित इसके सुधार, उपादेय-कारण के कार्यक्रम की क्रियान्विति का कार्य संबन्धित राज्य सरकारें करती हैं। फिर भी, चौथी योजना की अवधि के दौरान, भूमि उपादेय करण उपायों के अन्तर्गत लगभग 10 लाख हैक्टर भूमि लाने का विचार है ।

बोकारो इस्पात कारखाने के कर्मचारियों द्वारा हड़ताल

3039. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बोकारो इस्पात कारखाने के कर्मचारियों ने मई मास में हड़ताल की थी;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?